भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
उच्चतर शिक्षा विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं.-1483
उत्तर देने की तारीख-09.02.2026

एनआईआरएफ, 2025 के अनुसार शुल्क संरचना और इंजीनियरिंग स्नातक का वेतन

†1483. **डॉ. काकोली घोष दस्तीदार:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 2025 में सभी इंजीनियरिंग महाविद्यालयों के लिए सामान्य, अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों, अन्य पिछड़े वर्गों और दिव्यांग व्यक्तियों सहित विभिन्न श्रेणियों के छात्रों के लिए शुल्क संरचना का संस्थान-वार और श्रेणी-वार ब्यौरा क्या है; और

(ख) क्या सरकार राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) रैंकिंग 2025 के अंतर्गत दी गई सूचना के अनुसार पूरे भारत में इंजीनियरिंग कॉलेजों के स्नातकों के औसत वेतन के आंकड़े रखती है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(डॉ. सुकान्त मजूमदार)

(क) और (ख): शिक्षा संविधान की समवर्ती सूची में होने के कारण, केंद्र और राज्य सभी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए समान रूप से जिम्मेदार हैं। अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई), शिक्षा मंत्रालय के तहत एक सांविधिक निकाय है, जो तकनीकी संस्थानों को डिप्लोमा, स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर पर तकनीकी शिक्षा में पाठ्यक्रम संचालित करने के लिए अनुमोदन प्रदान करता है। एआईसीटीई ने अपनी अनुमोदन प्रक्रिया पुस्तिका 2024-27 के अनुसार यह निर्धारित किया है कि संस्थान संबंधित राज्य शुल्क नियामक प्राधिकरण द्वारा निर्धारित शुल्क को अपनाएंगे।

इसके अतिरिक्त, आईआईटी और एनआईटी जैसे संस्थानों में उच्च शिक्षा को किफायती बनाने के लिए, ट्यूशन फीस में छूट न केवल सामाजिक रूप से कमजोर वर्गों को बल्कि समाज के आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों को भी प्रदान की जाती है। इसमें अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति और दिव्यांग छात्रों के लिए पूरी शुल्क माफी और आर्थिक रूप से पिछड़े छात्रों (जिनकी पारिवारिक आय 1 लाख रुपये प्रति वर्ष से कम है) के लिए पूरी शुल्क माफी और अन्य आर्थिक रूप से पिछड़े छात्रों (जिनकी पारिवारिक आय 1 लाख रुपये से 5 लाख रुपये प्रति वर्ष के बीच है) के लिए फीस में 2/3 की छूट शामिल है।

पारदर्शिता को बढ़ावा देने के लिए, सभी रैंक वाले संस्थानों द्वारा प्रस्तुत डेटा, जिसमें रखे गए स्नातकों का औसत वेतन भी शामिल है, आधिकारिक एनआईआरएफ वेबसाइट पर उपलब्ध कराया गया है। रैंक वाले इंजीनियरिंग संस्थानों द्वारा घोषित प्लेसमेंट स्नातकों का औसत वेतन https://www.nirfindia.org/Rankings/2025/EngineeringRanking.html. पर उपलब्ध है।

*****